हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 8 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 बालगृह के बच्चों को नवोदय में प्रवेश दिलाने कराएं परीक्षा की...



09 दीपों का पर्व दीपावली आज, मां लक्ष्मी के स्वागत में...



स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का मिला राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर निगम को मिलेगा राष्ट्रपति पुरस्कार

11 नवंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य और निरंतर प्रयासों के चलते सागर नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नगर निगम सागर को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि से शहर का गौरव बढ़ने के साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।जानकारी के अनुसार, आगामी 11 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत राष्ट्रीय सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नगर निगम सागर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला यह सम्मान सागर शहर के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान हासिल करना किसी भी नगरीय निकाय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होती है। इसके लिए शहर में स्वच्छता व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, नागरिकों की सहभागिता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता जैसे विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जाता है। सागर नगर निगम को मिलने वाला यह सम्मान इन क्षेत्रों में किए गए प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता को दर्शाता है।इस उपलब्धि से नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही स्वच्छता अभियान से जुड़े सफाई मित्रों तथा शहरवासियों का उत्साह भी बढ़ेगा।

स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जागरूकता और जनभागीदारी किसी भी शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने से सागर को भविष्य में स्वच्छता के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाला यह सम्मान सागर नगर निगम के लिए गौरव का विषय है। साथ ही यह शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है।

दीपावली त्यौहार को लेकर पुलिस मुस्तैद थाना प्रभारी ने निकाला पैदल मार्च

गढाकोटा। दीपावली यानि खुशियों का त्यौहार, इस दिन किसी तरह का कोई व्यवधान न हो। इस त्योहार को लोग शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाएं इसको लेकर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद है। हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी को लेकर सागर जिले के गढ़ाकोटा नगर में थाना प्रभारी गौरव तिवारी ने पैदल मार्च निकाला। साथ ही प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील भी की।

























खबर संक्षेप

पारिवारिक विवाद में भाई ने छोटे भाई को पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के महावीरपुरा मोहल्ले में पारिवारिक विवाद के चलते बड़े भाई द्वारा छोटे भाई के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बड़े भाई ने पहले गाली- गलौज की और विरोध करने पर छोटे भाई के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।
शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
महावीरपुरा निवासी कालूराम पुत्र रमेश चंद्र ने बताया कि 15 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे उनके बड़े भाई दीपक प्रजापति उर्फ दीपू ने उनके साथ बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब कालूराम ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी दीपक प्रजापति उर्फ दीपू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मोटर चालू कराने का कहने गए, हमला किया

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम छपरौनी में मोटर चालू करने की बात कहने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए प्रकाश अहिरवार पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल का झांसी में उपचार चल रहा है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम छपरौनी निवासी सीमा पत्नी प्रकाश अहिरवार ने बताया कि 2 नवंबर की रात करीब 8.30 बजे उनके पति प्रकाश अहिरवार पुत्र प्रताप अहिरवार मोटर चालू करने के संबंध में बात करने के लिए मोहल्ले के रामकिशोर पुत्र जानकी अहिरवार के घर गए थे। इसी दौरान रामकिशोर के भाई राजेश पुत्र जानकी अहिरवार ने उनके पति के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर राजेश के साथ शिवम पुत्र मनोज अहिरवार और सुनील पुत्र जानकी अहिरवार भी मौके पर पहुंच गए। तीनों ने एकराय होकर प्रकाश के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। हमले में प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल पति के उपचार में व्यस्त रहने के कारण सीमा ने 5 नवंबर 2026 को थाना मड़ावरा पहुंचकर पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेश, शिवम और सुनील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लव मैरिज के विवाद में पत्नी, साली, साले पर हमला

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के लेडियापुरा आजादपुरा मोहल्ले में प्रेम विवाह के बाद हुए विवाद को लेकर पत्नी, साली और साले पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में वीर सिंह उर्फ वीरू राजा की तहरीर पर चौबयाना निवासी मयंक नामदेव उर्फ मोन्टी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लेडियापुरा आजादपुरा निवासी वीर सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री मिताली ठाकुर ने करीब एक मार्च 2025 को मोहल्ला चौबयाना निवासी मयंक नामदेव उर्फ मोन्टी पुत्र राजू नामदेव के साथ प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद पति मिताली के साथ मारपीट और प्रताडऩा करने लगा, जिसके चलते वह पति के साथ रहने से इनकार कर मायके में रहने लगी। चार नवंबर को वीर सिंह अपनी पुत्री मिताली के साथ कचहरी गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी मोती, बेटी दीपांशी और बेटा नव्यांश मौजूद थे। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे आरोपी मयंक घर में घुस आया और चाकू से हमला कर तीनों को घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी मौके से भाग गया। घायलों को जिला चिकित्सालय ललितपुर ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। पुलिस ने वीर सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपी मयंक नामदेव उर्फ मोन्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

डीएम ने दैलवारा स्थित राजकीय बालगृह का किया निरीक्षण

बालगृह के बच्चों को नवोदय में प्रवेश दिलाने कराएं परीक्षा की तैयारी: डीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने राजकीय बालगृह (बालक) दैलवारा का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालगृह में रह रहे बच्चों (संवासियों) के बेहतर भविष्य और पुनर्वास पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराकर नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जाए। साथ ही उनके परिवारों का पता लगाकर बाल संरक्षण समिति के माध्यम से उन्हें घर भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बालगृह में बच्चों के रहन-सहन, खानपान, पहनावे, शारीरिक एवं मानसिक स्थिति, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की। इस दौरान बच्चे पढ़ाई करते हुए मिले। डीएम ने परिसर का भ्रमण कर शयन कक्ष, क्लास रूम, शौचालय और रसोईघर का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई की स्थिति देखी। जिलाधिकारी ने बच्चों से अलग-अलग बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और बालगृह की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने अधीक्षक को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे के परिवार का पता लगाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। परिवार की जानकारी मिलने पर बाल संरक्षण समिति के माध्यम से नियमानुसार बच्चों को उनके घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने कहा कि बालगृह में रहने वाले बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्हें नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाए, ताकि योग्य बच्चों को बेहतर शैक्षणिक संस्थान में पढऩे का अवसर मिल सके।

इसके साथ ही बच्चों को व्यावहारिक एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाए, जिससे वे विभिन्न कौशल सीखकर भविष्य में स्वरोजगार से जुड़ सकें और आत्मनिर्भर बन सकें। डीएम ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद, व्यायाम और योग जैसी गतिविधियां नियमित रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रसोईघर में तैयार होने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने और निर्धारित मीनू के अनुसार बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने को कहा। परिसर, शयन कक्ष, कक्षाओं और शौचालयों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बालगृह में बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं, ताकि बच्चों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, सूचना अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़

सोना-चांदी से लेकर मिट्टी के दीये, ग्वालिन मुड़घरे और सजावटी झालरें खूब बिकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



धनतेरस के पावन पर्व पर शुक्रवार को ललितपुर के बाजारों में खरीदारी का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमडऩे लगी, जो देर शाम तक जारी रही। सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर बर्तन, मिट्टी के दीये, सजावटी झालर, स्टीकर और दीपावली पूजन से जुड़ी सामग्री की जमकर खरीदारी हुई।

त्योहार के चलते बाजारों में रौनक छाई रही और व्यापारियों के चेहरों पर भी खुशी दिखाई दी। धनतेरस पर परंपरा के अनुसार लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी की। वहीं घरों को रोशन और सजाने के लिए मिट्टी के दीये, रंग-बिरंगी झालरें, आकर्षक स्टीकर और अन्य सजावटी सामान भी खूब बिके। ग्रामीण और पारंपरिक संस्कृति से जुड़ी मिट्टी की ग्वालिन तथा पशुओं के मुड़घरे खरीदने के लिए भी लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूजा-पाठ की सामग्री और दीपावली से संबंधित सामान की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। शहर के सदर कांटा से लेकर आजाद चौक तक बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ नजर आई। वहीं कटरा बाजार में स्थिति यह रही कि लोगों को पैदल निकलने तक में परेशानी का सामना करना पड़ा। दुकानों के बाहर ग्राहकों की कतारें लगी रहीं। परिवारों के साथ पहुंचे लोगों ने दीपावली की तैयारियों के लिए जमकर खरीदारी की। धनतेरस के अवसर पर बाजारों की चहल-पहल ने त्योहार की खुशियों और उल्लास को और बढ़ा दिया।

बाजार में उमड़ी लोगों की भीड़, फुटपाथ हुआ गायब

ललितपुर। दीपावली त्योहार को लेकर शहर के बाजार गुलजार हो उठे हैं। धनतेरस के त्यौहार को लेकर बाजार में भारी चहल कदमी देखी गयी। जहां एक ओर काफी जद्दोजहद के बाद मिले स्थान से खुश दिखे तो वहीं बड़े दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान से सड़क तक कहीं 10 तो कहीं तीस फीट तक किये गये सड़क किनारे तक कब्जे में रौब देखने को मिला। इसी बीच लोगों ने जमकर खरीददारी की और बाजार में देशी और कई प्रकार की नई-नई डिजाइनों में दिये भी देखने को मिले। बाजार में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात पुलिस ने आलाधिकारियों के निर्देशानुसार तीन और चार पहिया वाहनों का मार्ग डायवर्ट रखा। मुख्य बाजार तक जाने के लिए दो पहिया वाहनों को ही ले जाने की अनुमति रही।

पंचायत सदस्य अमर सिंह समेत तीन लोगों पर आरोप

चोरी का ट्रैक्टर घुटारी गांव में मिलने का दावा मांगने पर दुष्कर्म में फंसाने की धमकी दी

ललितपुर। गोविंद सागर बड़ी नहर के पास मकान से चोरी हुआ ट्रैक्टर जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम घुटारी में मिलने का मामला सामने आया है। ट्रैक्टर मालिक का आरोप है कि जब वह अपना ट्रैक्टर वापस लेने पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, विरोध करने पर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। मामले में जाखलौन क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह पुत्र भागीरथ विश्वकर्मा का नाम भी सामने आया है।

न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम चढ़ऊ थाना महरौनी निवासी एवं वर्तमान में गोविंद सागर बड़ी नहर के पास रहने वाले सोनू पटेल पुत्र नंदकिशोर पटेल का सोनालिका 744एक्सटी ट्रैक्टर संख्या यूपी 94 एएन 1064 उनके मकान पर खड़ा था। आरोप है कि 20 सितंबर 2026 की रात अज्ञात चोर उनका ट्रैक्टर चोरी कर ले गए थे। घटना की सूचना उसने पुलिस चौकी में दी थी। इसके बाद से वह लगातार अपने ट्रैक्टर की तलाश कर रहा था। ग्राम निवाई निवासी अनूप सिंह के माध्यम से उसे जानकारी मिली कि उसका चोरी हुआ ट्रैक्टर थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम घुटारी में मौजूद है। इस सूचना पर 4 अक्टूबर की शाम करीब चार बजे सोनू पटेल अपने परिचित अनूप सिंह के साथ ग्राम घुटारी पहुंचा। वहां उसने देखा कि लालचंद्र और अमर सिंह पुत्रगण भागीरथ विश्वकर्मा तथा उनके पिता भागीरथ विश्वकर्मा पुत्र हल्के विश्वकर्मा निवासी ग्राम घुटारी ने कथित रूप से उसका ट्रैक्टर अपने घर की बाउंड्री के अंदर खड़ा कर रखा था। सोनू पटेल ने ट्रैक्टर की पहचान करते हुए उसके वहां पहुंचने के संबंध में जानकारी मांगी और अपना वाहन वापस देने को कहा। आरोप है कि इस पर वहां मौजूद लोग घबरा गए और अनर्गल बातें करने लगे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसने अपना ट्रैक्टर ले जाने का प्रयास किया तो आरोपियों और वहां मौजूद महिलाओं ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। साथ ही धमकी दी कि यदि वह ट्रैक्टर ले जाने की कोशिश करेगा तो उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसा दिया जाएगा। इसके अलावा जान से मारने की धमकी भी दी गई। इससे भयभीत होकर पीड़ित वहां से लौट आया। इस मामले में नामजद अमर सिंह पुत्र भागीरथ विश्वकर्मा वर्तमान में जिला पंचायत ललितपुर के वार्ड संख्या 08 जाखलौन क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं। उनके साथ लालचंद्र और भागीरथ विश्वकर्मा को भी मामले में नामजद किया गया है। जिला पंचायत सदस्य का नाम एफआईआर में आने से यह मामला चर्चा में है। सोनू पटेल ने घटना के बाद थाना कोतवाली और पुलिस अधीक्षक को डाक के माध्यम से शिकायत भेजी थी। कार्रवाई न होने पर उसने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश तथा धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत कोतवाली पुलिस ने 5 नवंबर 2026 को तीनों नामजद आरोपियों लालचंद्र, अमर सिंह और भागीरथ विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बार और बानपुर पुलिस ने की कार्रवाई

लडवारी के दो व गंगचारी गांव का एक वारंटी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थाना बार और थाना बानपुर पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय में पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया, जबकि थाना बानपुर पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम लड़वारी निवासी राहुल पुत्र काशीराम सेन और कैलाश नारायण पुत्र पुरुषोत्तम शामिल हैं। वहीं थाना बानपुर पुलिस ने ग्राम गंगचारी निवासी रविशंकर पुत्र भैय्यन यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय थाना बार पुलिस टीम के साथ तथा थानाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह थाना बानपुर पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्री का बैग चोरी, ललितपुर में मुकदमा दर्ज

ललितपुर। भोपाल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे ललितपुर निवासी एक यात्री का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर यात्री का काले रंग का बैग लेकर फरार हो गया। बैग में कपड़े, पर्स, चाबी और आधार कार्ड सहित जरूरी सामान रखा हुआ था। शिकायत पर जीआरपी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सदन शाह निवासी 17 वर्षीय पर्थ सिंह पुत्र कमलदीप सिंह 5 नवंबर को भोपाल रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे। उन्हें खजुराहो महामना एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22163) से ललितपुर आना था। उनका आरक्षण ट्रेन के कोच डी-3 की बर्थ संख्या 99 पर था। इसी दौरान सुबह करीब छह बजे स्टेशन पर किसी अज्ञात चोर ने उनका काले रंग का बैग चोरी कर लिया। बैग गायब होने की जानकारी मिलने पर यात्री ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। चोरी हुए बैग में कपड़े, चाबी, पर्स और आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी सामान रखा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जबरन बनवाया पैसों के लेन-देन का वीडियो

पेट्रोल खत्म होने का कह 3 को बुलाया, बेल्टों से पीटा

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर मदद के लिए बुलाए गए तीन युवकों को कथित रूप से बंधक बनाकर रातभर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पांच लोगों ने युवकों को सुनसान इलाके में ले जाकर लात-घूंसों और बेल्टों से पीटा। इतना ही नहीं, पैसों के लेन-देन को लेकर उनसे जबरन वीडियो भी बनवाया और एक बुलेट मोटर साइकिल अपने पास रख ली। अगले दिन सुबह जान से मारने की धमकी देकर तीनों को छोड़ दिया गया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जाखलौन के ग्राम पड़ौरिया निवासी एवं वर्तमान में चांदमारी में रह रहे रामराजा निरंजन पुत्र यज्ञ सिंह ने बताया कि 4 नवंबर की रात करीब आठ बजे उनके चचेरे छोटे भाई पीयूष पटेल के मोबाइल पर महफूज खां निवासी डोंगराकलां का फोन आया। उसने बताया कि उसकी गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है और मदद के लिए बाइक लेकर चांदमारी ग्राउंड पहुंचने को कहा।

पीयूष पटेल मोटर साइकिल लेकर वहां पहुंचा तो रामराजा निरंजन और उनके दोस्त कृष्णकांत तिवारी निवासी खिरिया नाका, टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) भी अपनी बाइक से मदद के लिए पहुंच गए। आरोप है कि वहां पहले से महफूज खां के साथ अमित राजपूत उर्फ अम्मू निवासी बेटना, नाराहट, अखिलेश उर्फ अक्कू निवासी ककरुवा, शिवम यादव उर्फ चिल्ली निवासी नेहरू नगर और कृष्णा यादव उर्फ केपी निवासी सूरीकलां मौजूद थे। सभी आरोपियों ने एकराय होकर तीनों युवकों के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उन्हें जबरन मोटर साइकिलों पर बैठाकर पीतांबरा ग्रेनाइट के पास सुनसान इलाके में ले जाया गया। वहां से दावनी- बुधवार रोड पर नहर के पास एक अज्ञात खेत में ले जाकर पूरी रात लात-घूंसों और बेल्टों से मारपीट की गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पैसों के लेन-देन का हवाला देकर रामराजा और पीयूष के मोबाइल से जबरन एक झूठी और मनगढ़ंत वीडियो भी बनवा ली। इसके अलावा रामराजा की बुलेट मोटर साइकिल संख्या यूपी 94 एएच 4694 भी अपने पास रख ली।

आरोपियों ने 5 नवंबर की सुबह करीब चार बजे तीनों युवकों को छोड़ा। जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि पुलिस में शिकायत की तो वह ललितपुर में नहीं रह पाएंगे। साथ ही गैंग के सदस्यों से घर से उठवाकर फिंकवा देने की धमकी भी दी गई। घटना के संबंध में रामराजा निरंजन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अमित राजपूत उर्फ अम्मू, अखिलेश उर्फ अक्कू, महफूज खां, शिवम यादव उर्फ चिल्ली और कृष्णा यादव उर्फ केपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

20 वर्ष बाद आयोजित रामलीला में उमड़ भीड़

कुंभकरण व मेघनाद का वध, सती हुई सुलोचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



कस्बा बांसी के टौरिया मंदिर मेला मैदान में श्रीहनुमानजी टौरिया मंदिर समिति के तत्वावधान में 20 वर्ष बाद स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। बुधवार रात आयोजित लीला में कुंभकरण वध, मेघनाद वध और सती सुलोचना के मार्मिक प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि कुंभकरण की पराजय के लिए रावण उसे जगाकर युद्धभूमि में भेजता है। भगवान श्रीराम से युद्ध करते हुए कुंभकरण वीरगति को प्राप्त हो जाता है। भाई की मृत्यु से रावण व्याकुल हो उठता है।

इसी दौरान उसका पुत्र मेघनाद अजेय रथ प्राप्त करने के लिए यज्ञ करने की घोषणा करता है। विभीषण भगवान श्रीराम को बताते हैं कि यदि मेघनाद का यज्ञ पूरा हो गया तो उसे पराजित करना कठिन हो जाएगा। इस पर श्रीराम, लक्ष्मण सहित वानर सेना को यज्ञ भंग करने के लिए भेजते हैं। यज्ञ भंग होने के बाद मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भीषण युद्ध होता है, जिसमें मेघनाद मारा जाता है। इसके बाद सुलोचना को अपने पति मेघनाद का कटा हुआ हाथ मिलता है, जिस पर भगवान श्रीराम के हाथों उसकी मृत्यु का प्रसंग लिखा होता है। सुलोचना भगवान श्रीराम के पास पहुंचकर पति का सिर मांगती हैं और उसे लेकर सती हो जाती हैं। सती सुलोचना के मार्मिक संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। रामलीला के नौवें दिन जिला पंचायत सदस्य फूलसिंह यादव अतिथि रहे, जबकि दसवें दिन एमकेजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिमोहन गोस्वामी ने अतिथि के रूप में सहभागिता की। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक मौजूद रहे।

संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार में खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों ने दर्ज कराए मुकदमे

ललितपुर। थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम बम्हौरीकलां में संपत्ति और जमीन के बंटवारे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। एक पक्ष की ओर से बुजुर्ग नथू ने अपने बेटे और बहू पर हमला करने का आरोप लगाया है, जबकि दूसरे पक्ष की रचना ने अपने देवर पर पति के साथ मारपीट करने की शिकायत की है। घटना में एक पक्ष की बहू पिंकी घायल हुईं, जबकि दूसरे पक्ष के नेपाल सिंह को सिर, हाथ और पैर में चोटें आईं। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने क्रॉस मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बम्हौरीकलां निवासी 70 वर्षीय नथू पुत्र गोरेलाल परिहार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 नवंबर की शाम करीब पांच बजे उनकी बहू पिंकी पत्नी जयपाल परिहार घर के दरवाजे पर बैठी थीं। इसी दौरान बंटवारे की बात को लेकर नेपाल सिंह पुत्र नथू परिहार और उसकी पत्नी रचना वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर दोनों ने लाठी-डंडों, लात-घूंसों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। मारपीट में पिंकी घायल हो गईं। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। घायल पिंकी का उपचार ललितपुर में कराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने नेपाल सिंह और रचना के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी ओर, रचना पत्नी नेपाल सिंह परिहार ने भी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 नवंबर की शाम करीब पांच बजे उनके पति नेपाल सिंह बस स्टैंड के पास खड़े थे। इसी दौरान उनके देवर जयपाल सिंह पुत्र नत्थू परिहार हाथ में लाठी लेकर वहां पहुंचे और उनके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि जयपाल ने नेपाल सिंह को लाठी से पीटा, जिससे उनके सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं।

पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारी

6 दिसंबर को बसपा रचेगी इतिहास, महारैली में उमड़ेगा सैलाब : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी की ओर से आगामी 6 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली विशाल महारैली की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को पार्टी जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग कर महारैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की।

बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी रविकांत मौर्य ने कहा कि अब समय आ गया है जब बहुजन समाज पार्टी अपनी संगठनात्मक ताकत का प्रदर्शन करेगी। कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रियता से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि 6 दिसंबर 2026 को बसपा लखनऊ में इतिहास रचने जा रही है। इस अवसर पर आयोजित विशाल महारैली को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं बहन कु.मायावती संबोधित करेंगी। उन्होंने जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ रैली की तैयारियों में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि ललितपुर जनपद से अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि महारैली को ऐतिहासिक बनाया जा सके। जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड. सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और क्षेत्र-क्षेत्र जाकर जनसंपर्क अभियान चलाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बस, ट्रेन, कार एवं अन्य उपलब्ध यातायात साधनों के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में लोग 6 दिसंबर को लखनऊ के गोमती नगर स्थित बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पहुंचें। बैठक में रैली की सफलता के लिए आपसी समन्वय, जनसंपर्क और व्यापक जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड., जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद फैयाज, रघुनाथ अहिरवार, मंडल प्रभारी दीपक कुमार टिकरा, मंडल प्रभारी राम सिंह कुशवाहा, उपाध्यक्ष छोटेलाल प्रजापति, जिला महासचिव संजय चौधरी, जिला सचिव कल्याण पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य सोनू यादव, जिला कोषाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गौतम, बीवीएफ संयोजक केहर सिंह गौतम, विधानसभा प्रभारी धर्मेंद्र अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार, ताशुराम अहिरवार, बृजेश अहिरवार एवं प्रेम नारायण पाल, गगन बिहारी एडवोकेट, भाईचारा संयोजक राकेश कुशवाहा एवं संतोष अहिरवार, विधानसभा अध्यक्ष ललितपुर राम भगत अहिरवार, विधानसभा अध्यक्ष महरौनी सरमन लाल बर्रापुर, जिला सचिव हीरालाल पाल, कोषाध्यक्ष सहसंयोजक, पूर्व जिला अध्यक्ष देहरा महरवार, चंद्रभान सिंह बेसरा, कपितलवर आदि मौजूद रहे।

पूजन सामग्री, पटाखों और मिठाई में महंगाई ने डाली त्योहार में खटास

दीपों का पर्व दीपावली आज, मां लक्ष्मी के स्वागत में रोशन होंगे हर घर आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



दीपों का पर्व दीपावली कार्तिक अमावस्या रविवार को मनाई जाएगी। धन और सौभाग्य की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी को प्रसन्न करने का यह खास दिवस है। घर-घर और प्रतिष्ठानों पर शुभ के देवता गणेश, लाभ की देवी महालक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना की जाएगी। मां लक्ष्मी के स्वागत से लेकर मां को प्रसन्ना करने के लिए हर तरह तैयारी पूरी कर ली गई है। दीपावली पर महंगाई का असर भी साफ दिखाई दे रहा है। कपडों के अलावा पटाखे और मिठाई के साथ पूजन साम्रगी में भी महंगाई की मार देखी जा रही है।

पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव की शुरुआत कार्तिक मास कृष्ण पक्ष त्रयोदशी यानी धनतेरस से हो गई है। शनिवार को छोटी दीपावली मनाई गई। रविवार को दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। मंगलवार को गोवर्धन पूजा तथा अंतिम दिन बुधवार को चित्रगुप्त पूजा, भाई दूज मनाई जाएगी। दीप पर्व को लेकर शनिवार को खरीदारी से देर रात तक बाजार गुलजार रहे। शहर मैन बाजार, चूड़ी बाजार, गणेश बाजार में मिठाई, पटाखे, बर्तन, कपड़े, सराफा व इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। खरीदारों की भारी भीड़ के चलते पूरे दिन बाजार में गहमागहमी रही। लोगों ने दीपावली को लेकर अपनी मनपसंद की चीजें खरीदीं। वहीं, पटाखों की खरीदारी के लिए राधे होटल के सामने शिवपुरी रोड स्थित दुकानों पर देर रात तक भीड़ जुटी रही। रविवार को मनाए जाने वाले दीपावली पर्व को लेकर सभी लोगों में उल्लास है। मां लक्ष्मी जी के स्वागत को लेकर घर व प्रतिष्ठान सजधज कर तैयार कर लिए गए हैं, पूरा शहर रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा गया है।

इस बार छह दिन मनेगी दीपावली

खास बात यह है कि इस बार पांच दिवसीय दीपोत्सव दीपावली पांच दिन की जगह छह दिन तक मनाई जाएगी। ऐसा इसलिए कि इस बार अमावस्या तिथि दो दिन यानि रविवार और सोमवार को पड रही है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि रविवार 8 नवंबर को अमावस्या तिथि दोपहर से आरंभ होने के बाद सोमवार 9 नवंबर को दोपहर तक रहेगी। इसलिए दीपावली का त्यौहार 8 नवंबर रविवार को मनाया जाएगा। जबकि 9 नंबवर को सोमवती अमावस्या रहेगी। गोवर्धन पूजा का पर्व 10 नवंबर और भाईदूज का पर्व 11 नवंबर को मनाया जाएगा।



ऐसे करें लक्ष्मी पूजन

लक्ष्मी पूजा के लिए उत्तर-पूर्व दिशा के कोने को अच्छे से साफ करके वहां पर लकड़ी का पाटा बिछाएं। लकड़ी का पाटा बिछाने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाएं और लक्ष्मी जी, गणेश जी और कुबेर जी की स्थापना करें। ध्यान रहे कि, लक्ष्मी जी की मूर्ति को श्री गणेश के दाहिने हाथ की तरफ स्थापित करना चाहिए। पूजा के लिए कुछ लोग सोने की मूर्ति रखते हैं, कुछ लोग चांदी की, या फिर तस्वीर से भी पूजा करते हैं। मूर्ति या तस्वीर के अलावा इस दिन कागज पर बने लक्ष्मी-गणेश जी की पूजा करने की भी परंपरा है। पूजा के लिए कलश या लोटा उत्तर दिशा की तरफ रखें और दीपक को आग्नेय कोण, यानी दक्षिण पूर्व की तरफ रखें। लक्ष्मी पूजा में फल-फूल और मिठाई के साथ ही पान, सुपारी, लौंग इलायची और कमलगट्टे का भी बहुत महत्व है। विधि विधान से पूजा करें।

लक्ष्मी पूजन मुहूर्त

अभिजीत मुहूर्तः सुबह 11:37 बजे से दोपहर 1225 बजे
प्रदोषकाल वैलाः शाम 527 बजे से 7:06 बजे
वृश्चिक लग्न : सुबह 7:14 बजे से 9:31 बजे
कुंभ लग्न : दोपहर 1:20 बजे से 2:49 बजे
वृषभ लग्न : शाम 5:54 बजे से 7:54 बजे
सिंह लग्नः मध्यरात्रि 12:24 बजे से 2:39 बजे

दिन की चौघडियां

लाभ- 9:20 बजे से 10:42 बजे
अमृत- 10:42 बजे से 12:04 बजे
शुभ- 1:27 बजे से 2:50 बजे

रात्रि चौघडियां

शुभ- 5:35 बजे से 7:06 बजे
अमृत- 7:06 बजे से 8:47 बजे
चंचल - 8:47 बजे से 10:43 बजे
लाभ- 1:37 बजे से 3:15 बजे

मेवाड़ा से चिमलका जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने की कार्रवाई

मानपुर पुलिस ने दबोचा गांजा तस्कर सवा किलो से ज्यादा गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मानपुर थाना पुलिस ने एक गांजा तस्कर को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने तस्कर को तब दबोचा,जब गांजा लेकर मेवाडा से चिमलका वाले रास्ते से होकर गुजर रहा था। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सवा किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है।

मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि दीपावली के त्यौहार की सुरक्षा के मद्देनजर थाने का पूरा स्टाफ अलर्ट मोड पर रखा गया है। इसी दौरान शनिवार की सुबह के वक्त के मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति मेवाडा चिमलका रास्ते से होकर गुजर रहा है, जिसके पास बडी मात्रा में गांजा होने का संदेह है। इस सूचना पर उप निरीक्षक प्रदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को तत्काल मौके पर कार्रवाई के लिए भेजा गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी करके आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम चतुर्भुज वैष्णव पुत्र रामअवतार वैष्णव निवासी टेहला बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 357 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 16 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है और अब इस बात का पता लगाया जा रहा है कि आरोपी गांजे को कहां से खरीदकर लाया है और इस अवैध काम में उसके साथ कौन कौन लोग शामिल बने हुए है।

रन्नौद गांव में आठ दिन के भीतर दूसरी घटना

घर में घुसा मगरमच्छ, मचा हडकंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



नदी और तालाब के किनारे बसे गांवों में इन दिनों मगरमच्छो के कारण दहशत का माहौल निर्मित बना हुआ है। क्योंकि आए दिन मगरमच्छ रात्रि के दौरान किसी न किसी ग्रामीण के घर में घुस रहे है। ताजा मामला सोंईकलां क्षेत्र के ग्राम रन्नौद का है,जहां शुक्रवार शनिवार की रात को एक मगरमच्छ काशीराम मांगीलाल के घर में घुस गया। जिसका पता चलने पर घर के लोगो सहित पूरे गांव में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि के दौरान यह मगरमच्छ काशीराम मांगीलाल के घर में घुस गया और आटे की कोठी के पास जाकर बैठ गया। शनिवार की तडके करीब पौने चार बजे जब घर के लोगो की नींद खुली तो उन्हें यह मगरमच्छ घर में आटे की कोठी के पास बैठा दिखा,इसके बाद पूरे घर में न सिर्फ अफरा तफरी मच गई,बल्कि घर में मौजूद लोगों के होश उड़ गए। गनीमत रही कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन इस घटना की जानकारी मिलने पर पूरे गांव में हडकंप मच गया और ग्रामीणों की भीड लग गई। ग्रामीणों ने बताया कि यदि किसी नजर नहीं पडती तो यह मगरमच्छ मौका देखकर किसी पर हमला भी कर सकता था। हालांकि ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दे दी है और सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ के गांव में आकर घर में घुसने की आठ दिन में दूसरी घटना है। इसलिए ग्रामीणों में इस बात को लेकर चिंता सता रही है कि आखिर मगरमच्छ बार-बार गांव के रिहायशी इलाकों और घरों तक कैसे पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस मामले में ध्यान देते हुए इस समस्या के निदान के लिए स्थाई समाधान किए जाने की मांग की है।

जैन बने कलेक्टर स्टेनो, शर्मा को बड़ौदा भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा कार्यालयीन कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक व्यवस्था के तहत कलेक्ट्रेट में पदस्थ दो कर्मचारियों के कार्यस्थल में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, सहायक ग्रेड-2 राकेश कुमार शर्मा को स्टेनो टू कलेक्टर के वर्तमान कार्य से हटाकर तहसीलदार बड़ौदा कार्यालय में पदस्थ किया गया है। सहायक ग्रेड-3 संजय कुमार जैन रीडर टू अपर कलेक्टर को स्टेनो टू कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर द्वारा सहायक ग्रेड-2 राकेश कुमार शर्मा को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है,जिसमें कार्यालयीन कार्यों के निष्पादन में लापरवाही एवं विलंब का उल्लेख किया गया है।

सूचना पत्र में बताया गया कि आरसेटी श्योपुर की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक से संबंधित प्रस्तावित बैठक की स्वीकृति के लिए नस्ती समय पर प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके कारण बैठक निर्धारित समय पर आयोजित नहीं हो सकी। इसी प्रकार, श्रम पदाधिकारी जिला श्योपुर को अनुग्रह सहायता राशि के ऑफलाइन भुगतान संबंधी नस्ती भी समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने से प्रकरण के निराकरण में अनावश्यक विलंब हुआ। कलेक्टर ने उक्त कृत्यों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधानों के विपरीत एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-10 के अंतर्गत दंडनीय मानते हुए तीन दिवस के भीतर समाधानकारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कर्मचारियों ने जताया नपाध्यक्ष का आभार

नपा कर्मचारियों को चार साल बाद मिला दीपावली पूर्व वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

फंड की कमी से जूझ रही नगर पालिका में कर्मचारियों को बीते 4 सालों में पहली बार दीपावली के त्योहार से पहले वेतन दिया गया है। दीपावली पूर्व वेतन मिलने पर कर्मचारियों ने नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग का आभार जताया है।

अभी तक ऐसा देखा गया है कि दीपावली जैसे त्योहार पर भी कर्मचारियों को न सिर्फ वेतन नहीं दिया गया बल्कि उनका वेतन 3 महीने का लगातार ड्यू रहा था। जिसके कारण कर्मचारियों को धरना प्रदर्शन हड़ताल करनी पड़ी थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ नपाध्यक्ष के प्रयास रंग लाए और नगरपालिका में हो रही फंड की कमी अब धीरे-धीरे दूर होती जा रही है। जिस तरह नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य युद्ध स्तर पर कराए जा रहे हैं। इस तरह अब कर्मचारियों की सैलरी भी हर महीने मिल रही है। नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग के दीपावली से पूर्व वेतन दिए जाने के निर्देश पर अमल करते हुए सीएमओ नरेंद्र जाटव एवं लेखापाल शिवराज सिंह चौहान ने सभी कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में डलवा दिया है। समस्त कर्मचारियों ने इसके लिए नपाध्यक्ष का आभार जताया है।

ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ने से सडक से उतरी कार, हादसा टला



श्योपुर। राजस्थान की तरफ से आ रही एक ईको कार के ड्राइवर का बेलेन्स बिगड जाने से गाड़ी रोड से उतरकर कलाबाजी खाती हुई बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई गनीमत यह रही की कार में बैठे लोगों में से किसी को गंभीर चोट नहीं लगी। शनिवार को सोईकलां के पास जाट ढाबे के नजदीक एक गाडी अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी चला रहे ड्राइवर को अचानक नींद की झपकी आ गई, जिससे वाहन पर से उसका नियंत्रण हट गया और गाड़ी सड़क किनारे तीन पलटियां खाते हुए जा गिरी। हादसे के दौरान गाड़ी में चालक सहित दो लोग सवार थे। दोनों राजस्थान की तरफ के रहने वाले बताए जा रहे हैं और पेंट का काम करते हैं। दुर्घटना के समय पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट भी वहां से गुजर रहे थे। हादसा देखकर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और गाड़ी में सवार दोनों लोगों को बाहर निकालने में मदद की। गनीमत रही कि इतनी भीषण दुर्घटना के बावजूद दोनों को कोई चोट नहीं आई और दोनों सुरक्षित बच गए।

नगरपालिका परिषद ने किया जगह जगह महिला शौचालय बनाने का ठहराव

पिंक टॉयलेट का इंतजार करतीं पिंकी, गुड़िया शांति, बाजार में शर्मसार होती नारी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर में जब भी कोई महिला बाजार, बस स्टैंड, अस्पताल या कचहरी के काम से निकलती है, तो सबसे पहले उसके मन में एक ही सवाल उठता है ⁦ट्टॉयलेट कहां मिलेगा?⁩ ⁦ख्वासक़र⁩ बाजार में। शहर के बाजारों में महिलाओ को खरीदारी के लिए दुकाने तो सड़कों तक पर लगी मिल जायेंगी लेकिन टॉयलेट नहीं मिलेगा।

नगरपालिका द्वारा बनाए गए शौचालयों की बात करें तो पुरुषों के लिए तो कहीं भी ये सुविधा मिल जायेगी, लेकिन महिलाओं के लिए शहर में आज भी एक अदद साफ-सुथरा सार्वजनिक शौचालय मिलना किसी चुनौती से कम नहीं है। एक दो स्थान पर महिलाओ के लिए यह सुविधा नगरपालिका परिषद ने बाजार में मोहेय्या कराई है लेकिन वो पुरुषो के टॉयलेट से अटैच है जिससे महिलाए यहां जाने के बजाए परेशानी उठाना ही गवारा करती हैं। गांधी चौक पर मिट्टी के बर्तन बेचने वाली पिंकी प्रजापति कहती है, दिन भर दुकान पर बैठना है, पानी भी पीना है। लेकिन टॉयलेट जाने के लिए घर जाने का इंतजार करना पड़ता है। हालांकि 10 कदम दूरी पर ही शौचालय बना है लेकिन वो पुरुषो के शौचालय से अटैच है जिससे वहां जाने में शर्म महसूस होती है।

कॉलेज जाने के पास सब्जी बेचने वाली लक्ष्मी बताती है कि आसपास कोई शौचालय नहीं बना है लेकिन नाले पर नगरपालिका ने एक काम चलाऊ टॉयलेट बनाया हुआ है जिसका उपयोग पुरुष अधिक करते हैं, हम महिलाओ को वहां ग्रुप में जाना पड़ता है ताकि एक निवृत होकर आ जाए तब तक दूसरी महिलाए बाहर खडे होकर ड्यूटी देती हैं। पुरुषो के शौचालय में निवृत होने जाना हम महिलाओ की मजबूरी है।

संकल्प तो पारित, जमीन पर कब?

महिलाओं की इस परेशानी को देखते हुए नगरपालिका परिषद श्योपुर ने शहर में कई स्थानों पर महिलाओं के लिए विशेष पिंक टॉयलेट बनाने का संकल्प पारित किया है।परिषद का दावा है कि, कलेक्ट्रेट से गांधी चौक,और वहां से सलापुरा नहर तक तथा प्रमुख बाजारों में आधुनिक पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे, जिनमें साफ-सफाई, पानी, लाइट और महिला केयरटेकर की व्यवस्था होगी।लेकिन सवाल ये है कि संकल्प कागजों में ही रहेगा या जमीन पर भी उतरेगा? क्योंकि इससे पहले भी कई बार टॉयलेट बनाने के प्रस्ताव आए, टेंडर हुए, लेकिन कुछ महीनों बाद ही वो टॉयलेट या तो बंद हो गए या खंडहर बन गए।

इनका कहना है...

बाजारों में खरीदारी के लिए शहर अथवा गांव से आने वाली महिलाओं के लिए सर्व सुविधायुक्त शौचालय (पिंक टॉयलेट) बनाने का प्रस्ताव परिषद ने पास कर लिया है शीघ्र ही टेंडर निकलवाकर पूरे बाजार में सिर्फ महिलाओ के उपयोग वाले टॉयलेट बनाए जाएंगे इसके लिए जगह तलाशी जा रही है।

रेनू सुजीत गर्ग
नपाध्यक्ष श्योपुर

महिलाओं की मांग - सिर्फ टॉयलेट नहीं, सम्मान चाहिए

महिलाओं का कहना है कि उन्हें सिर्फ एक चारदीवारी नहीं चाहिए, उन्हें सुरक्षित, साफ और सम्मानजनक सुविधा चाहिए।- टॉयलेट में महिला सफाईकर्मी हो। 24 घंटे पानी और लाइट हो।दरवाजे में अंदर से कुंडी हो।छोटे बच्चों के लिए जगह हो।सेनेटरी पैड की सुविधा हो। महिलाओं को इस सुविधा की उम्मीद इसलिए और अधिक है क्योंकि सुविधा मुहैया कराने वाली नगर सरकार की मुखिया भी एक महिला है। नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग से उन्हें उम्मीद है कि वह महिलाओं की इस परेशानी को समझेंगी और जल्द ही समस्या का निराकरण कराएंगी। अगर पिंक टॉयलेट का संकल्प जल्दी जमीन पर उतरता है, तो यह श्योपुर में नारी शक्ति के लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा। वरना हर बैठक में पारित होने वाले संकल्प की तरह यह भी एक और फाइल बनकर रह जाएगा।

पटेल चौक से पुल दरवाजा बंजारा डैम तक लगा लंबा जाम

बड़ौदा रोड पर दो घंटे तक लगा रहा जाम, फंसे रहे लोग, गायब रही पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

त्योहार का समय आते ही शहर श्योपुर के बाजारों में रौनक तो बढ़ जाती है, लेकिन उसके साथ ही बढ़ जाती है एक पुरानी मुसीबत जाम लगने की है जिसका मजा शनिवार को लोगों ने बड़ोदा रोड पर खूब चखा। पटेल चौक से पुल दरवाजा एवं बंजारा डेम तक दो घंटे जाम लगा रहा।

जाम लगने के कारण लोग घंटों तक अपनी गाड़ियों में फंसे रहे, पैदल चलने वालों को भी निकलने की जगह नहीं मिली। एम्बुलेंस तक जाम में फंसी नजर आई, लेकिन यातायात को संभालने के लिए कहीं पुलिस दिखाई नहीं पडी।

दरअसल दीपावली के त्योहार के कारण बाजार में भीड़ तो बहुत है, लेकिन व्यवस्था शून्य है। सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों ने अपना सामान सड़क तक फैला रखा है। ठेले, हाथ ठेले और बेतरतीब खड़ी बाइक-कारों ने सड़क को और संकरा कर दिया है। पटेल चौक पर मिट्टी के बर्तन की खरीदारी करने आई राधा कहती हैं, कि वह अपने पति के साथ एक घंटे से जाम में फंसी रही। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। उधर दुकानदारो का कहना है कि जाम की वजह से ग्राहक दुकान तक पहुंच ही नहीं पा रहा। जो आता है वो भी गुस्से में लौट जाता है हमारा नुकसान हो रहा है।

हर त्योहार की यही कहानी

श्योपुर में यह कोई नई बात नहीं है। दीपावली हो, रक्षाबंधन हो, ईद हो या कोई भी बड़ा त्योहार - बड़ौदा रोड, गांधी चौक, मैन मार्केट, सब्जी मंडी हर जगह यही हाल होता है। प्रशासन हर बार कहता है - व्यवस्था की जाएगी, अतिक्रमण हटाया जाएगा, पुलिस तैनात रहेगी।ह लेकिन त्योहार के दिन सड़क पर न तो ट्रैफिक पुलिस दिखती है, न ही नगरपालिका का कोई कर्मचारी। दिखाई नहीं देता है।

त्योहार सुरक्षा को बनाई व्यवस्था तार तार

हालांकि पुलिस प्रशासन के द्वारा शहर के बाजार में दीपावली के त्योहार की सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह की व्यवस्था बनाई थी ताकि शहर में जाम न लग सके, मगर शनिवार को शहर में पुलिस प्रशासन की यह व्यवस्था तार तार होती नजर आई और बाजार में खरीदारी करने के लिए लोग जाम की समस्या से दो चार होते और प्रशासन को कोसते नजर आए।

समाजसेवियों ने बच्चों को नए कपड़े, महिलाओं को साड़ी बांटी, बुजुर्गो को दिए कंबल



श्योपुर। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्योपुर के समाजसेवियों ने घनघोर जंगल में बसे ग्राम गुर्जा पुरा पहुंच कर यहां बसे सहरियाओं के बीच दीपावली मनाई। यह जानकारी प्रदान करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश पाराशर ने बताया कि दीपावली पर जहां शहर चमक दमक में डूबे हैं। घर रोशनी से जगमगा रहे हैं। घरों में मिठाई की भरमार है। आतिशबाजी से सड़क व आसमान रोशन नजर आ रहे हैं। वहीं श्योपुर जिले में कुछ स्थान ऐसे हैं जहां आर्थिक अभाव से दीपावली का कोई अर्थ नहीं है। न उनके पास अच्छे वस्त्र हैं न मिठाई व आतिशबाजी के लिए पैसे हैं। अपनी झोपडियों को सजाने का भी कोई अर्थ नहीं है।ऐसी बस्तियों को चिंहित कर वहां जाकर उनके बीच दीपावली मनाने का कार्य विगत बीस वर्ष से श्योपुर के कुछ समाजसेवी सतत रूप से कर रहे हैं।इसी क्रम में इस वर्ष एक समस्याग्रस्त सहरिया ग्राम गुर्जा पुरा का चयन किया गया तथा वहां पहुंच कर आदिवासियों के बीच सार्थक दीवाली मनाई। इस अवसर पर जहां बच्चों को नवीन वस्त्र वितरित किए गये वहीं महिलाओं को नवीन साड़ियां प्रदान की गई। सीनियर सिटीजन को ठंड को देखते हुए कंबल वितरित किए गये। बच्चों को टाफी, मिठाई के साथ साथ आतिशबाजी की सामग्री भी दी गई जिसे देखकर बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने खूब आतिशबाजी का आनंद लिया। उन्हें गुब्बारे भी प्रदान किए गये।इस कार्यक्रम में महात्मा गांधी सेवा आश्रम, गायत्री परिवार के सदस्य तथा कई सामाजिक सरोकार से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इसके पश्चात पटार धूनी के वास्तविक आश्रम पहुंच कर सहभोज का आनंद लिया।यह स्थान काफी दुर्गम व दर्शनीय था। कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ समाजसेवी जयसिंह जादौन, कैलाश पाराशर, चौथमल शर्मा, अनिल सिंह,ब्रजनेश सिंह परिहार, सतीश गौड, रामदयाल आदिवासी, राधाबल्लभ, जांगिड़,कोमल खंडेलवाल, मंशा राम माहौर,लक्ष्मी आर्य, हेमंत खंडेलवाल,मोनू माहौर, जगन्नाथ प्रसाद आर्य, मुंशी पटेल, भारत आदिवासी सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

राजकोट से गोरखपुर जा रही बस में सवार थे 90 यात्री

15 फीट गहरी खाई में पलटी स्लीपर बस, 50 से अधिक यात्री हुए घायल

चालक पर शराब पीकर बस चलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के अमोला थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर एनएच-27 फोरलेन पर एक सड़क हादसा हो गया। बिहारी होटल के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे के समय बस में करीब 90 यात्री सवार बताए गए हैं, जिनमें 50 से अधिक के घायल होने की जानकारी सामने आई है। दुर्घटना के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और ठल्अक की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

इस हादसे ने शिवपुरी जिले में परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। यात्रियों की संख्या और बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाए जाने की आशंका के बीच सवाल उठ रहा है कि जब जिले में परिवहन चेकपोस्ट मौजूद हैं तो फिर लंबी दूरी की बसों में यात्रियों को ठूंस-ठूंसकर कैसे ले जाया जा रहा है? आखिर चेकपोस्ट का उद्देश्य क्या है और वहां वाहनों की जांच किस स्तर पर की जा रही है? लोगों का सवाल है कि क्या चेकपोस्ट पर बसों की यात्री क्षमता, परमिट, फिटनेस और सुरक्षा मानकों की नियमित जांच नहीं होती? परिवहन विभाग की जिम्मेदारी केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित है या सड़क पर दौड़ने वाले यात्री वाहनों की वास्तविक निगरानी भी की जा रही है? हालांकि, इस बस में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री होने की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। ऐसे में परिवहन विभाग को बस के दस्तावेजों और यात्री क्षमता की जांच कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



राजकोट से गोरखपुर जा रही थी बस

जानकारी के अनुसार, गुजरात के राजकोट से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही स्लीपर कोच बस शनिवार दोपहर करीब 3:30 बजे अमोला थाना क्षेत्र में बिहारी होटल के पास पहुंची। इसी दौरान चालक बस पर से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते बस सड़क से उतरकर करीब 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए तत्काल बचाव अभियान चलाना पड़ा।

चालक पर शराब पीकर बस चलाने का आरोप

हादसे के बाद यात्रियों ने चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यात्रियों का कहना है कि दुर्घटनास्थल से करीब 10 किलोमीटर पहले सिंध नदी के पास एक होटल-ढाबे पर बस रुकी थी, जहां चालक ने कथित तौर पर शराब का सेवन किया था। यात्रियों ने यह भी आरोप लगाया कि राजकोट से गोरखपुर के बीच रास्ते में कई स्थानों पर बस रुकने के दौरान चालक शराब पीता रहा। यात्रियों के इन आरोपों ने हादसे की वजह को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, चालक के शराब सेवन की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस जांच और मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही वास्तविकता सामने आ सकेगी। जब इस संबंध में जानकारी लेने के लिए परिवहन अधिकारी रंजन कुशवाहा को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

इनका कहना है...

बस का ड्राइवर शराब पिए हुए था ऐसा बस की सवारी ने बताया है। ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। बस में सवार सभी लोग सुरक्षित हैं थोड़ी बहुत चोटे आई हैं।

योगेंद्र सिंह सेंगर, थाना प्रभारी अमोला

रन्नौद के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित तीनों की अपील खारिज

26 साल पुराने हत्याकांड में हाईकोर्ट का फैसला, तीन दोषियों की उम्रकैद बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के रन्नौद नगर में करीब 26 साल पहले हुए चर्चित हत्याकांड में ग्वालियर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने फैसला सुनाते हुए तीन दोषियों की आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी है। इनमें रन्नौद भाजपा नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अवध बोहरे भी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने तीनों आरोपियों की ओर से दायर अपील 2 नवंबर को खारिज कर दी। साथ ही उनकी जमानत निरस्त करते हुए तत्काल संबंधित ट्रायल कोर्ट में समर्पण कर शेष सजा भुगतने के निर्देश दिए हैं। अभियोजन के अनुसार घटना 18 मई 2000 की सुबह करीब 10:15 बजे की है। रन्नौद बस स्टैंड पर टुनटुन उर्फ दिनेश तिवारी राजेंद्र आचार्य की पान दुकान से पाउच खरीद रहे थे। इसी दौरान अवध बोहरे, नरहरि बोहरे, ऋषि उपाध्याय सहित करीब 17 लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट की। हमले में गंभीर रूप से घायल दिनेश तिवारी को उपचार के लिए जिला अस्पताल शिवपुरी ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

2005 में सुनाई गई थी उम्रकैद की सजा

इस हत्याकांड की सुनवाई के बाद शिवपुरी के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने 22 जून 2005 को फैसला सुनाते हुए अवध बोहरे, नरहरि बोहरे और ऋषि उपाध्याय को हत्या का दोषी ठहराया था। अदालत ने तीनों को आजीवन कारावास के साथ 5-5 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत

ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए तीनों दोषियों ने ग्वालियर हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। करीब दो दशक से अधिक समय तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट की डबल बेंच ने 2 नवंबर को उनकी अपील खारिज कर दी और निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा। जमानत निरस्त कर तत्काल समर्पण के निर्देश दिए जाने से अब तीनों दोषियों को शेष सजा जेल में काटनी होगी।

आठ साल से पुलिस को चकमा दे रहा स्थायी वारंटी गिरफ्तार, जेल भेजा

शिवपुरी। जिले में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदार थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने पिछले आठ वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर जिलेभर में फरार आरोपियों एवं स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना इंदार पुलिस ने फरार वारंटियों की तलाश के लिए टीम गठित की थी। पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने आठ वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी पन्नालाल पुत्र अनरथ, निवासी ग्राम सेवढ़ा, थाना सुभाषपुरा, जिला शिवपुरी को 7 नवंबर 2026 को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

इंदार पुलिस ने विशेष अभियान के तहत सेवढ़ा गांव से पकड़ा आरोपी

माधव चौक सहित बाजार के प्रमुख मार्गों का किया निरीक्षण

दीपावली त्योहार को लेकर एसपी सड़कों पर उतरीं, यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने शहर के प्रमुख बाजारों और मुख्य मार्गों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने माधव चौक पहुंचकर यातायात की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात सुचारू बनाए रखने तथा आमजन को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने माधव चौक चौराहे पर वाहनों के व्यवस्थित संचालन को लेकर यातायात प्रभारी को विशेष सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से भी चर्चा कर त्योहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने, प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वाहन चेकिंग अभियान चलाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। यातायात प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक रणवीर यादव को शहर और बाजारों में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए वाहनों के प्रवेश, पार्किंग तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि दीपावली के दौरान बाजारों में खरीदारी करने आने वाले नागरिकों को जाम और अव्यवस्थित यातायात से परेशानी न हो तथा त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।



सरकारी प्लॉट पर गाय बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

शिवशक्ति नगर में जमीन के विवाद को लेकर भिड़े दो परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर के फिजिकल थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवशक्ति नगर में एक शासकीय प्लॉट को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। खाली प्लॉट पर गाय बांधने को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के कुछ लोगों को चोटें आने की बात सामने आई है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, शिवशक्ति नगर में स्थित एक खाली शासकीय प्लॉट पर यादव परिवार द्वारा कब्जा कर गाय बांधी जाती है। वहीं, पड़ोस में रहने वाला शर्मा परिवार उक्त प्लॉट पर अपना अधिकार जता रहा है। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसी क्रम में कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट हो गई। वही यादव पक्ष की लीला यादव ने पुलिस को शिकायत में बताया कि सतीश शर्मा, सोनू शर्मा और घनश्याम शर्मा ने उनके साथ थप्पड़ एवं लात-घूंसों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बेटे दीवान यादव और बहू पूनम यादव के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। लीला यादव के अनुसार, घटना में तीनों को चोटें आई हैं। उन्होंने सतीश शर्मा पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

दूसरी ओर शर्मा पक्ष ने भी यादव परिवार पर मारपीट के आरोप लगाते हुए प्लॉट पर अपना अधिकार बताया है। बताया गया है कि सतीश शर्मा श्योपुर न्यायालय में बाबू के पद पर पदस्थ हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर मामले को जांच में लिया

सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक मिलेगा मुलाकात का अवसर

भाईदूज पर सर्किल जेल में बंदियों से मिल सकेंगी बहनें, होगी खुली मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के प्रतीक भाईदूज के पर्व पर सर्किल जेल शिवपुरी में निरुद्ध बंदियों को अपनी बहनों और परिजनों से मिलने का अवसर मिलेगा। जेल प्रशासन द्वारा 11 नवंबर, बुधवार को विशेष खुली मुलाकात की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। मुलाकात के दौरान व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जेल प्रशासन ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जेल प्रशासन के अनुसार पुरुष बंदियों से मुलाकात के लिए उनके परिवार की केवल महिला सदस्यों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ही जेल परिसर के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक बंदी से मुलाकात के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। समय पूरा होने के बाद परिजनों को मुलाकात स्थल से बाहर जाना होगा। सभी बहनों और परिजनों को पहले जेल के बाहर एकत्रित होना होगा, जिसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मुलाकात कराई जाएगी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक ही बंदी को बार-बार मुलाकात के लिए नहीं बुलाया जाएगा।

पहचान पत्र के बिना नहीं मिलेगा प्रवेश

मुलाकात के लिए आने वाली महिलाओं को अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र अथवा पैन कार्ड में से कोई एक मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा। जेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन, पर्स, नकदी और अन्य कीमती सामान जेल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन वस्तुओं को जेल गेट के बाहर ही अपने परिजनों के पास छोड़ना होगा। सामान की सुरक्षा और गुम होने की स्थिति में जेल प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भाईदूज पर बंदियों के लिए मिठाई ले जाने की भी अनुमति दी गई है, लेकिन इसकी मात्रा अधिकतम 250 ग्राम निर्धारित की गई है। इसमें गजक, सोनपापड़ी जैसी सूखी मिठाइयां शामिल हैं। घर का बना भोजन ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। जेल प्रशासन की ओर से पूजा की थाली उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें हल्दी, कुमकुम और चावल रहेंगे। वहीं, बहनों को अपने साथ साधारण प्रकार की राखी लानी होगी।

नकद राशि देना प्रतिबंधित, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

जेल प्रशासन ने साफ किया है कि मुलाकात के दौरान बंदियों को किसी भी प्रकार की नकद राशि देना सख्त प्रतिबंधित है। ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित परिजन की मुलाकात प्रतिबंधित की जा सकती है तथा बंदी के विरुद्ध जेल अपराध दर्ज किया जाएगा। सभी आगंतुकों से तलाशी प्रक्रिया में सहयोग करने और जेल परिसर में अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है। जेल प्रशासन का उद्देश्य भाईदूज के इस पारिवारिक और भावनात्मक पर्व पर बंदियों को अपने परिजनों से मिलने का अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे भी अपनों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कर सकें।

थोक सब्जी मंडी में शौचालय का लोकार्पण

अशोकनगर। नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा करीब 20 लाख की लागत से नवीन थोक सब्जी मंडी में सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं 25 लाख की लागत से नवनिर्मित शौचालय का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा एवं वरिष्ठ पार्षद महेंद्र भारद्वाज, विपिन शिवहरे, गोपाल ओझा, राजकुमार नगेश्री, सोनू सुमन, राकेश शर्मा द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। नवीन थोक सब्जी मंडी में लंबे समय से सड़क एवं शौचालय की समस्या बनी हुई थी, जिसके कारण यहां आने वाले सब्जी व्यापारियों, किसानों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नगर पालिका परिषद द्वारा सीसी सड़क निर्माण एवं बेहतर सुविधाओं से युक्त शौचालय का निर्माण कराकर इस समस्या का समाधान किया गया है।

मौसम में बदलाव के साथ गर्म कपड़ों की बढ़ी मांग

शिवपुरी में सर्दी की दस्तक, बाईपास पर सजने लगीं कंबलों की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मौसम में धीरे-धीरे बदलाव के साथ ही शिवपुरी में सर्दी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए शहरवासी भी सर्दी से बचाव की तैयारियों में जुटने लगे हैं। इसी का असर अब बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। शहर के गुना एवं ग्वालियर वाईपास क्षेत्र में सड़क किनारे कंबलों की दुकानें सजने लगी हैं, जहां रंग-बिरंगे और अलग-अलग वैरायटी के कंबल बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। सर्दी का मौसम शुरू होने से पहले ही कंबल विक्रेताओं ने अपनी दुकानें लगाना शुरू कर दिया है। गुना एवं ग्वालियर वाईपास से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय नागरिकों की नजर इन दुकानों पर पड़ रही है। लोग अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से कंबलों की खरीदारी करने में रुचि दिखा रहे हैं। दुकानों पर छोटे-बड़े, हल्के और मोटे कंबलों की विभिन्न किस्में नजर आने लगी हैं।

ठंड बढ़ने के साथ बढ़ेगा कारोबार

व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जैसे-जैसे तापमान में गिरावट आएगी, वैसे-वैसे कंबलों की मांग में भी तेजी आएगी। फिलहाल मौसम में ठंडक की शुरुआत के साथ ही सर्दियों से जुड़े कारोबार ने रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। वाईपास क्षेत्र में हर साल सर्दी के मौसम में लगने वाली कंबलों की दुकानें अब एक बार फिर दिखाई देने लगी हैं। कुल मिलाकर शिवपुरी में सर्दियों की आहट के साथ ही बाजार का नजारा भी बदलने लगा है। जहां कुछ दिन पहले तक गर्मी और उमस का असर दिखाई देता था, वहीं अब लोग गर्म कपड़ों और कंबलों की ओर रुख करने लगे हैं। मौसम का यही बदलाव इस बात का संकेत दे रहा है कि आने वाले दिनों में ठंड अपना असर दिखा सकती है।

पोहरी विधायक ने 4.50 लाख की लागत से कराया निर्माण

मेडिकल कॉलेज के सामने विधायक निधि से बने प्रतीक्षालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

मेडिकल कॉलेज के सामने थीम रोड पर बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को अब धूप और बारिश में परेशान नहीं होना पड़ेगा। पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह ने अपनी विधायक निधि से लगभग 4.50 लाख रुपये की लागत से दो पक्के प्रतीक्षालयों का निर्माण कराया है। इन प्रतीक्षालयों के बनने से मेडिकल कॉलेज से ग्वालियर जाने वाले और ग्वालियर की ओर से शिवपुरी आने वाले यात्रियों को बस का इंतजार करने के दौरान बैठने की सुविधा मिलेगी। विधायक कैलाश कुशवाह ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के सामने थीम रोड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों के परिजन, ग्रामीण और आम नागरिक आवागमन करते हैं। यहां से कई लोग ग्वालियर और शिवपुरी के लिए बसों में सफर करते हैं। बसों का इंतजार करते समय यात्रियों को बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विधायक निधि से सीमेंटेड निर्माण कराकर दो प्रतीक्षालय तैयार करवाए हैं।





विधायक ने कहा कि इन प्रतीक्षालयों का लाभ न केवल शिवपुरी शहर के लोगों को मिलेगा, बल्कि पोहरी क्षेत्र से मेडिकल कॉलेज में उपचार कराने आने वाले मरीजों के परिजनों और अन्य नागरिकों को भी इसका फायदा मिलेगा। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों से लोग मेडिकल कॉलेज आते हैं और वापस जाने के लिए बसों का इंतजार करते हैं। ऐसे में उनके लिए बैठने की व्यवस्था होना जरूरी था।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर कराया निर्माण

विधायक कैलाश कुशवाह ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते आम नागरिकों की छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान करना भी उनकी प्राथमिकता है। मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्थान के सामने यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब दो पक्के सीमेंटेड प्रतीक्षालय बनने से यात्रियों को राहत मिलेगी।

इनका कहना है

विधायक निधि से मेरे द्वारा 4.50 लाख की लागत से दो प्रतीक्षालय सीमेंट के पक्के बनवाए हैं जिससे वह वर्षों तक बने रहे और शिवपुरी एवं मेरे क्षेत्र की जनता भी मेडिकल कॉलेज आती है सर्दी गर्मी बारिश में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कैलाश कुशवाह, विधायक पोहरी